हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 सितंबर 2025

06 समाज के आयोजन में बाउंसरों का क्या काम:



07 सांस्कृतिक संध्या आयोजित बच्चों ने दी मनमोहक ...





## खबर संक्षेप

### संभागीय समीक्षा बैठक 16 सितंबर को

**सागर।** अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी अधिकारी सागर संभाग की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन 16 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय जिला सागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा सभी संभागीय अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित संभाग स्तर के विकास कार्यो एवं अन्य योजनाओं की पीपीटी 11 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से कमिश्नर कार्यालय की ई-मेल आईडी पर भेजने के निर्देश दिए है।

### अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल स्टोर सील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर केसली के ग्राम सहजपुर में संचालित राजेश मेडीकल स्टोर संचालक जिनेन्द्र जैन के मेडीकल स्टोर की जाँच तहसीलदार केसली, बी.एम.ओ. केसली, राजस्व निरीक्षक केसली, हल्का पटवारी सहजपुर, डॉक्टर विकास अग्रवाल सहजपुर व अन्य स्टाफ के साथ मेडीकल संचालित होने के दस्तावेज व मेडीकल में उपलब्ध दवाईयों का निरीक्षण किया गया। मेडीकल संचालक द्वारा विगत 03-04 वर्षो के एक्सपायर डेट की दवाईयां दो बोरिया निकाली गई। मेडीकल संचालक का मेडीकल चलानें के संबंध में लायसेंस एक्सपायर हो चुका है। तथा मेडीकल संचालक श्री जिनेन्द्र जैन द्वारा अवैध रूप से अनाधिकृत दवाओं का विक्रय करना पाया गया एवं इनके द्वारा गाँव-गाँव जाकर डिलेवरी करवाई जाती है जबकि इन्हें डिलेवरी करने के लिए कोई पात्रता नहीं है। उपरोक्त अनियमितताओं के कारण राजेश मेडीकल स्टोर सील किया गया। एक्सपायरी दवाओं को जप्त कर पंचनामा बनाया गया तथा आगे की कार्यवाही हेतु नियमानुसार उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।



### सागर में आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** जनपद पंचायत सागर के सभागार में 13 एवं 14 सितंबर को आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक प्रोसेस लैब प्रशिक्षण का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में बबीता सोनी, प्रभारी भारती लारिया, आलोक झरिया, दिलीप मेहरा, हृदय मोहन यादव और मनीष रजक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सागर विकासखंड के दो आदिवासी ग्राम रेंवझा एवं वेलई माफी को चयनित किया गया, जहां आदि कर्मयोगी अभियान के तहत समग्र विकास कार्य किए जाएंगे। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य इन चयनित ग्रामों में सभी विभागों की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है। इसके लिए संबंधित विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में उदल सिंह पंचायत विभाग, राघवेन्द्र सिंह राजपूत शिक्षा विभाग, नेहा वर्मा पीएचई विभाग, चंदन सिंह विद्युत विभाग, तुलसा तंतवाय एवं सत्येंद्र जैन वन विभाग, नेहा जैन महिला एवं बाल विकास और श्री संजीव राजोरिया पंचायत विभाग सहित अन्य अधिकारीगण सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने विभागीय कार्यों के माध्यम से चयनित ग्रामों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करना होगा। इस संबंध में 17 सितंबर से 25 सितंबर के मध्य समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

यात्रा मे स्मृति स्वरूप उनके शस्त्रों के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने नमन किया

# असम से प्रारंभ हुई श्री गुरु तेग बहादुर संदेश यात्रा का सागर में भव्य स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री गुरू सिंघ सभा सागर द्वारा तेग बहादुर साहिब भाई मतीदास, भाई सतीदास व दिआला के 350 वर्षीय शताब्दी शहीदी और गुरू गोविन्द सिंह के 350 साल शताब्दी गुरूआयी दिवस को समर्पित भव्य शोभा यात्रा का वरिष्ठ समाज सेवी एवं भाजपा नेता डॉ अनिल तिवारी के मार्गदर्शन में सिविल लाईन, गायत्री मंदिर गोपालगंज, छाया एजेंसी गोपालगंज, वृन्दावन बाग मंदिर गोपालगंज पर किया गया भव्य स्वागत। इस भव्य शोभा यात्रा के स्वागत अवसर पर डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी वह शख्सियत हैं जिन्होंने कभी मुगलों के आगे अपना सिर नहीं झुकाया। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु उनका बलिदान सदियों तक स्मरणीय रहेगा। ऐसे भगवान तुल्य महापुरुष युगों-युगों में ही जन्म लेते हैं। इसी पावन स्मृति में आयोजित यह यात्रा हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हमारा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि इस यात्रा में हर घर से शामिल हों और संतों की वाणी व गुरु के आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें। यात्रा के प्रथम पढाव सिविल लाईन में यात्रा का स्वागत डॉ अनिल तिवारी, हरकेष सिंह जस्सी, गब्बर अजमानी, रविन्दर पसरीजा, जग्गी धाबझ, संतोष खटीक, मनीष दुबे, राम धाकड़, आरंभ शुक्ला द्वारा किया गया। यात्रा के स्वागत के अगले पढाव गायत्री मंदिर गोपालगंज में इंद्रपाल सिंह ठाकुर, तनुज पाण्डे, मनीष श्रीवास्तव, बिरजु बिल्थरे, अनिल नायर, तारिक परवेज ने यात्रा का स्वागत किया। स्वागत के अगले क्रम में छाया एजेंसी गोपालगंज में अकलंक जैन, शैलेन्द्र तिवारी,अभिषेक प्यासी, राजकुमार रिछारिया, सुषील रैकवार, तरूण कुमार वर्मा, नीरज यादव, गनेश रैकवार यात्रा के स्वागत में उपस्थित रहे व वृन्दावन बाग मंदिर व अन्नपूर्णा भवन गोपालगंज में रवि सिंह ठाकुर, प्रताप सिंह ठाकुर, बलवंत सिंह ठाकुर, अनिकेत सेन व अमित जैन ने यात्रा का स्वागत किया।

सागर शहर में गुरू तेग बहादुर साहिब जी की इस भव्य शोभा यात्रा की अगुवाई हरकेश सिंह जस्सी जी द्वारा की गई। शोभायात्रा के अवसर पर कीर्तन, अरदास एवं गुरू का लंगर संचालित किये गये व शोभा यात्रा सुबह 10 बजे से शहीदी नगर कीर्तन भगवानगंज गुरूद्वारे से शुरू होकर परेड मंदिर, मकरोनिया, सिविल लाईन, गोपालगंज, तीन बत्ती, कटरा, विजय टाकीज होते हुए भोपाल के लिए रवाना हुई।



### गुरू तेग बहादुर की शहीदी यात्रा का सेवादल ने किया स्वागत



**सागर।** गुरू तेग बहादुर के 350वे शहीदी दिवस के अवसर पर असम से निकली शहीदी यात्रा का शहर सेवादल ने सिविल लायंस पर भव्य स्वागत किया। सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने यात्रा में सम्मिलित पंच प्यारों को पुष्प माला पहनाकर आर्शीवाद लिया।सेवादल परिवार द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गयी। स्वागत कर्ताओं में प्रवीण यादव, खट्टु शुक्ला, पप्पू सैनी, फहीम अंसारी, असद खान, अंकुर यादव, आकाश नामदेव, बलराम राय आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।



### सभी की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है : अविराज

**सागर।** हमारे और देश के उज्जवल भविष्य का आधार अच्छी शिक्षा है। युचा बेचारे नहीं विचारवान बनें। मेरा आप सभी को मुख्य संदेश यह है कि नशे से दूर रहें। नशा आपके मूल्यवान समय और सामर्थ्य को नष्ट करता है साथ ही विदेशी ताकते नशे के माध्यम से अर्जित धन, धर्म परिवर्तन और देश विरोधी कामों में लगाती हैं। स्वयं की रक्षा करना आत्मरक्षा है लेकिन सभी की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है। यह उद्गार युवा नेता अविराज भूपेंद्र सिंह ने क्षत्रिय युवा समाज की ओर से यहां आयोजित युवा समागम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। युवा समागम के मुख्य अतिथि अविराज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया से ज्ञान भी लिया जा सकता है, और नुकसान भी। आज लगता है जैसे मोबाइल फोन ही युवाओं का जीवन हो गया है। इससे युवाओं के मन की शुद्धि कम हुई है। आदि गुरू शंकराचार्य ने बताया है कि मन ही सबसे बड़ा तीर्थ है, इसे शुद्ध करो तो जहां बैठोगे तो वहां तीर्थ बन जायेगा। मोबाइल फोन से हटकर युवा आपस में संवाद करें और प्रत्यक्ष मिले जुले। उन्होंने कहा कि युवा क्या है? युवा वह सोच है जो सभी को सम्मान देने का संदेश दे सके, सभी को अपना सकें और सभी को अपनाने का दर्शन ही तो हिंदुत्व है। स्वामी विवेकानंद ने बताया कि युवा वह है जो अनीति के विरूद्ध लड़े, दुर्गुणों से दूर रहे और काल की चाल बदल दे। ऊर्जा का भंडार, जोश, तपस्या, प्रगति के ओर बढ़ते कदम यही तो युवा का परिचय है। निडरता, मन की पवित्रता, आत्म संयम, क्षमा और सत्य यह सब मिलकर युवा को प्रतिभावान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने शांति, उदारता और आत्म चिंतन का मार्ग दिया है। यह हम युवाओं का कर्त्वय है कि राष्ट्र को आगे बढ़ायेंगे, आत्मनिर्भर बनायेंगे जिसका रास्ता यह है कि हम स्वदेशी का आगे बढ़ायें। स्वामी विवेकानंद ने कहा है भारत एक अमर राष्ट्र है जिसने विश्व को सिखाया कि राष्ट्र का निर्माण संस्कृति, सेवा और समर्पण की भावनाओं से होता है। हम ऐसे ही राष्ट्र भारत में आगे प्रगति कर रहे हैं जिसमें सेवा, भावना, संस्कार और राष्ट्रभक्ति सबसे प्रबल विचार है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



सागर जिले के गढाकोटा में रविवार के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गणनायक में किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को विशेष सेवा पखबाड़ा अभियान के रूप में मनाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। यह सेवा पखवाड़ी अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भाजपा के पितृ पुरूष पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक भार्गव ने की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्य पहुंचाना और भाजपा कार्यकर्ताओं को सेवा भावना से जोड़ना है। सभी कार्यकर्ता सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं । सभी कार्यकर्ता रक्त दान,स्वच्छता,पौधारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण जैसे अभियान चलायेंगे। इस अभियान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जो बूथ से लेकर वार्डों एवं मंडल में आयोजित होंगे। बैठक का उद्देश्य सेवा, पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य, स्वदेशी अपनाओ, कुल 16 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें एक पेड़ अपनी मां के नाम पौधारोपण, रक्तदान शिविर,गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान, स्वदेशी सामान खरीदने का प्रोत्साहन, जन सेवा शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल हैं। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अलग-अलग कार्यकर्ताओं को प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रमों को तिथिवार बताया । बैठक में पार्टी के पदाधिकारी सहित पार्षद गण, मंडल पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### सरपंच की हत्या की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच दल बनाया

**सागर।** बीना विधानसभा की देवल पंचायत के सरपंच लाखन सिंह यादव की भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हत्या करने की जानकारी लेने, जांच करने के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी नें तीन सदस्यो की जाँच समिति का गठन किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी नें बताया कि म.प्र.कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच दल के सदस्य श्री घनश्याम सिंह, पूर्व विधायक सेवड़ा, देवेन्द्र पटेल विधायक, यादवेन्द्र सिंह यादव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी गुना शामिल है। जाँच दल के साथ अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भूपेन्द्र सिंह मोहासा एवं प्रभुसिंह ठाकुर पूर्व मंत्री एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इन्दर यादव भी देवल जाएगे । ज्योतिषी नें बताया कि जाँच दल 15 सितंबर को दोपहर 01 बजे ग्राम देवल,बीना का दौरा करेंगे।



### मिठाई दुकानों के सैंपल लिए और घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त, मिलावटखोरों पर सख्ती

**गढाकोटा।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार के दिन सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर में अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने मिठाई दुकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कई मिठाई दुकानों से सैंपल लिए गए और कुछ जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। गढ़ाकोटा नगर में अभियान के दौरान खाद्य विभाग,तहसीलदार, राजस्व अमला और पुलिस की टीम मौजूद रही। कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारों से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगाम लगाना और आम जनता को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था।कार्रवाई के दौरान रमेश नेमा की दुकान से घरेलू गैस सिलेंडर मिले,जिन्हें मौके पर जप्त किया गया। साथ ही दुकान से मावा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। वहीं,बीकानेर कारखाने में निरीक्षण के दौरान प्रदूषण फैलाने वाली भट्टी का उपयोग पाया गया और यहां से भी मिठाई के सैंपलिंग की गई। टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की मिलावट या अवैध गतिविधि पाई गई तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संदीप जीआर ने स्पष्ट किया है कि जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। त्योहारों के मौसम में दूध,मावा,घी और मिठाई जैसे खाद्य पदार्थों की मिलावट से जनता की सेहत को बड़ा खतरा रहता है,ऐसे में प्रशासन पूरी सख्ती से काम करेगा। इस कार्रवाई में खाद्य विभाग की अधिकारी प्रीति राय और कलश जैन,तहसीलदार महेश दुबे,राजस्व विभाग और पुलिस अमला शामिल रहा। टीम ने दुकानों पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं से भी अपील की कि यदि उन्हें कहीं मिलावटी खाद्य पदार्थ की शंका हो,तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। त्योहारों के करीब आते ही मिठाई और डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है, इसी का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार मिलावटखोरी करते हैं। प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में जिलेभर में और भी सघन अभियान चलाया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिन दुकानदारों के सैंपल फेल पाए जाएंगे,उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दुकानों पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई दुकानदार प्रशासन की टीम आते ही घबराए नज़र आए। वहीं, उपभोक्ताओं ने इस अभियान का स्वागत किया और कहा कि इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से होनी चाहिए।गढ़ाकोटा की यह कार्रवाई जिलेभर में चल रहे मिलावट विरोधी अभियान का हिस्सा है, जिसने मिलावटखोरों में हड़कंप मचा दिया है।



### राष्ट्र निर्माता शिक्षक व गुरु हम सबके श्रद्धेय, पूज्यनीय है : राजेश मनवानी

**सागर।** सिंधी समाज के प्रथम गुरु प्राचार्य गोविंदराम मनवानी जी के जन्म दिवस के अवसर पर मनवानी फिल्म्स सिंधु संस्कार समिति के तत्वाधान में सिंधी कॉलोनी मनवानी गली में आज 14 सितम्बर दिन रविवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला का योजन किया गया । जिसमे शहर के सेवानिवृत एवं वर्तमान में कार्यरत 06 शिक्षिकाओं का सम्मान किया । जिसमे शिक्षिका दलजीत दुग्गल, तनुश्री भाटिया, श्रीमती मीनू खत्री, सीमा सेन, साधना सोनी को शाल श्रीफल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित मनवानी फिल्म्स डायरेक्टर राजेश मनवानी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शैलेश केशरवानी, समाजसेवी निर्मल भोले, पप्पू तिवारी, सुनील मनवानी, शंकर मोटवानी, रुपेश मनवानी ने सम्मानित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेष केशरवानी ने की मुख्या अतिथि शिवसेना के पप्पू तिवारी, निर्मल भोले रहे । सर्वप्रथम अतिथियों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन, माँ सरस्वती, श्री गणेश जी, साईबाबा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया । कार्यक्रम का सञ्चालन रुपेश मनवानी ने किया स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम के आयोजक राजेश मनवानी ने कहा की विश्व में गुरुजनो शिक्षकों का सम्मान करके हम सब गौरवान्वित होते है उन्होंने कहा की सिंधी समाज के प्रथम गुरु पूज्य प्राचार्य गोविंदराम मनवानी ने अपना सम्पूर्ण जीवन विद्यार्थियों को समर्पित कर समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया उनके पढाये हुए शिष्य आज भी विभिन्न सरकारी सेवाओं में उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा कर रहे है व्याख्यान माला में राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर प्रखर वक्ता आचार्य प. महेशदत्त त्रिपाठी ने डॉ.राधाकृष्णनन एवं लोकमान्य बल गंगाधर तिलक, आचार्य चाडक्य से लेकर पूर्व राष्ट्रपति ए.पी,जे.अब्दुल कलाम केशिक्षा से सम्बंधित रोचक संस्मरण सुनाये।

### राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत मानसिक स्वास्थ्य पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सागर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालनालय आयुष भोपाल और जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सागर जिले के सभी 29 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों द्वारा ष्मानसिक स्वास्थ्य रोगों की जांच और बुनियादी प्रबंधन विषय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाओं की पेशकश की गई, जिसमें मानसिक विकार के लक्षणों की पहचान, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा परामर्श, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित सलाह दी गई। शिविर के दौरान, 3456 लाभार्थियों को निशुल्क औषधि वितरित की गई और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली सुधार के लिए उचित परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों की जांच जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। इसके अलावा, योगाभ्यास कराया गया और वर्षा ऋतुचर्या के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में औषधीय पौधों की खेती करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया, ताकि वे इस दिशा में कदम बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर, शिविर में उपस्थित महिलाओं, पुरुषों और ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें मानसिक विकारों से बचने के उपाय बताए गए।

उच्च शिक्षा के समकालीन परिदृश्य एवं चुनौतियां पर हुआ व्याख्यान

# विकसित भारत हम सबका सपना है, इसमें उच्च शिक्षा की अहम भूमिका : प्रो. संजय द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर स्थित मदन मोहन मालवीय शिक्षक-प्रशिक्षक केंद्र द्वारा आयोजित 12 दिवसीय पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) पाठ्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को "उच्च शिक्षा का समकालीन परिदृश्य एवं चुनौतियां विकसित भारत 2047 के विशेष संदर्भ में" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. संजय द्विवेदी, पूर्व महानिदेशक, राष्ट्रीय जनसंचार संस्थान (नई दिल्ली) ने भारतीय उच्च शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों, नीतिगत परिवर्तनों और भावी संभावनाओं पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति–2020 के बाद उच्च शिक्षा क्षेत्र में अकादमिक लचीलेपन, बहुविषयक दृष्टिकोण, कौशल आधारित पाठ्यक्रम तथा अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

प्रो. द्विवेदी ने सतत विकास लक्ष्यों और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को जोड़ते हुए उच्च शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया।



उन्होंने बताया कि "उच्च शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि वह रोजगार सृजन, नवाचार, उद्यमिता, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों को भी समाहित करे। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ स्थानीय आवश्यकताओं को संतुलित करना होगा।"

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डिजिटल क्रांति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मीडिया और संचार के नए परिदृश्य, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसी चुनौतियां विश्वविद्यालयों के लिए नए अवसर भी ला रही हैं। भारत के पास युवा शक्ति, प्रौद्योगिकी और परंपरागत ज्ञान का अद्वितीय संगम है, जिसे उचित नीति और प्रबंधन से विश्व पटल पर अग्रणी बनाया जा सकता है। व्याख्यान के अंत में प्रो. द्विवेदी ने प्रतिभागियों को आह्वान किया कि वे अपने-अपने संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, अनुसंधान संवर्धन, नई शैक्षिक विधियों तथा सामुदायिक सहभागिता पर कार्य करें ताकि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली 2047 तक विश्व की अग्रणी प्रणालियों में शामिल हो सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं विश्वविद्यालय के पितृपुरुष डॉ. हरीसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रजनीश अग्रहरि ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संदीप पाठक ने प्रस्तुत किया। संचालन प्रदीप विश्वकर्मा ने किया।

इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग से डॉ. अलीम अहमद एवं डॉ. विवेक जायसवाल, शिक्षा विभाग से डॉ. धर्मेंद्र सर्राफ, डॉ. अभिषेक प्रजापति, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. आयुष गुप्ता, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. आकाश मालवीय, साथ ही आंजनेय शुक्ल, अमर मणि, विशाल, प्रशांत, शशि यादव सहित अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने व्याख्यान को अत्यंत ज्ञान वर्धक, प्रेरणादायी और व्यावहारिक बताया।

### लवकुश जयंती पर बाउंसर और समाज के युवाओं में हुई हाथापाई

# समाज के आयोजन में बाउंसरों का क्या काम: जिलाध्यक्ष हरप्रसाद

## नजरबाग मैदान में बाउंसर और युवकों के बीच झड़प, मारपीट का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

लवकुश जयंती के अवसर पर शहर के नजरबाग मैदान में कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित महोत्सव के दौरान तब हंगामा हो गया ज़ब आयोजन में बुलाये गये बाउंसरों और कुशवाहा समाज के युवाओं में किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई। उक्त मामले की जानकारी कुशवाहा समाज के लोगों ने जैसे ही कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा को दी तो बो उक्त घटना को सुनकर भड़कते हुए बोले कि समाज के कार्यक्रम में आखिर बाउंसरों का क्या काम है। किससे सुरक्षा की आवश्यकता के चलते बाउंसरो को कार्यक्रम में बुलाया गया। जिलाध्यक्ष कुशवाहा ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। आयोजको को इस घटना को लेकर समाज के लोगो से माफ़ी मांगनी चाहिए। जिलाध्यक्ष हरप्रसाद के पिता के स्वर्गवास हो जाने के चलते बो कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए थे।

**बाउंसरों और समाज के युवकों के बीच कहासुनी बदली मारपीट में, वीडियो वायरल**





जानकारी अनुसार कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंसरो को बुलाया गया था। ज़ब आयोजन प्रारंभ हुआ तो अचानक कुछ युवकों और बाउंसरों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम में भीड़ अधिक होने से दौरान कुछ युवकों को मंच के पास पहुंचने की कोशिश करने पर बाउंसरों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिस पर विवाद शुरू हो गया। जिसमें पहले कहसुनी हुई जो बाद में हाथापाई में बदल गईं। इस दौरान जमकर गाली-गलौज हुई। कुछ युवकों ने बाउंसरों पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है।

### समाज के कार्यक्रम में समाज के लोगों का ही किया गया अपमान

वायरल वीडियो में कुशवाहा समाज के कुछ नाराज युवकों ने बताया कि लवकुश जयंती हमारे कुशवाहा समाज का आयोजन है तो इस आयोजन में किसको किससे खतरा महसूस हो रहा था, जो बाउंसरों को बुलाया गया। और क्या ये बाउंसर कुशवाहा समाज के थे या अन्य समाज से थे। अगर अन्य समाज के बाउंसर थे तो उनसे माफ़ी मंगवाई जानी चाहिए। क्योंकि समाज के कार्यक्रम में दूसरे लोगों को बुलाकर समाज के लोगों का ही अपमान कराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### समाज के कार्यक्रम में बाउंसरों को बुलाने की पहली घटना


कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद ने उक्त घटना को लेकर आक्रोशित होते हुए कहा कि जिले के इतिहास में ये पहली घटना सामने आई है जिसमें किसी समाज के कार्यक्रम में बाउंसरो को बुलाया गया है। अन्य किसी समाज के कार्यक्रम में बाउंसरो को कभी नहीं बुलाया गया। क्योंकि समाज के कार्यक्रम में सिर्फ समाज के लोग ही शामिल होते है। अपनी ही समाज के लोगो को किसी से क्या खतरा हो सकता है जो बाउंसरो को बुलाया गया और समाज के युवाओं का अपमान किया गया।

### वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

उक्त कार्यक्रम में हुई हाथापाई का वीडियो वायरल होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। शांति कायम करने के उद्देश्य से आयोजन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई। जिससे आगे कोई अप्रिय घटना न हो। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने ऐसे विवादों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### 15 दिन में 6 से ज्यादा हादसे हुए सीसीटीवी में कैद, वाहन चालक बेलगाम

# नंदीश्वर कॉलोनी टर्निंग पॉइंट बना हादसों का जंक्सन, स्पीड ब्रेकर की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की नंदीश्वर कॉलोनी गेट के पास स्थित टर्निंग प्वाइंट अब हादसों का केंद्र बन गया है। यहां डिवाइडर रोड पर बना क्रॉसिंग पॉइंट लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। बिना स्पीड ब्रेकर और अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण तेज रफ्तार वाहन लगातार दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं।

घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे इसकी गवाही दे रहे हैं। पिछले केवल 15 दिनों में ही इस चौराहे पर 6 से ज्यादा दुर्घटनाएं रिकॉर्ड हुई हैं। इनमें कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जगह पर आए दिन हादसे होना अब आम बात हो गई है। नंदीश्वर कॉलोनी निवासी भरत भंडारी ने बताया कि स्पीड ब्रेकर न होने से वाहन चालक बिना रुके तेजी से निकल जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं हाल ही में सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा मुख्य सड़क पर डाली गई रेत और गिट्टी की सफाई नहीं की गई। इस कारण बाइक और पैदल चलने वालों को बार-बार फिसलकर चोट लग रही है। लोगों की लगातार शिकायतों के बाद यातायात प्रभारी कैलाश पटेल ने कहा कि इस संबंध में नगर पालिका को पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर बना दिए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

### ग्राम टपरियन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# आयुष आपके द्वार योजना व नशामुक्ति का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन और जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय मोहनगढ़ द्वारा ग्राम अचर्रा टपरियन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में डॉ. बंशी लाल अहिरवार ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जानकारी दी कि ग्राम में कास, श्वास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, अर्श, ज्वर, संधि शूल, स्त्री रोग, उदर रोग, उच्च रक्तचाप और वात व्याधि जैसी समस्याओं से पीड़ित 93 लोगों की जांच की गई। रोगानुसार दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में ग्रामीणों को नशे की हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। शराब, गांजा, सिगरेट, तंबाकू और बीड़ी जैसे मादक पदार्थ किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को बर्बाद करते हैं, यह समझाया गया। ग्रामीणों ने नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन जीने की शपथ भी ली। बताया गया कि नशा व्यक्ति को परिवार और समाज पर बोझ बना देता है, जबकि नशा मुक्त जीवन से वह राष्ट्र के विकास में सहयोगी बन सकता है। शिविर के सफल संचालन में डॉ. बंशी लाल अहिरवार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, संतोष कुमार पांडेय कंपाउंडर, इंद्रका प्रसाद अवस्थी औषधालय सेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में किया गया धार्मिक आयोजन व भोज

# भाजपा सेवा पखवाड़े में किया बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर के प्रसिद्ध हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और यह तभी संभव है जब कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य करें।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। बैठक में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी तथा प्रबुद्ध वर्ग संवाद जैसे आयोजनों को शामिल किया गया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में पार्टी की जनहितैषी छवि और मजबूत होगी। कार्यशाला के अवसर पर मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने मिलकर भगवान की आरती उतारी। धार्मिक आयोजन के बाद सामूहिक भोज कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राहुल सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली। भोज में भी उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता की और संगठन की मजबूती पर बल दिया।

### वरिष्ठजनों, साथियों व सहयोगियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी

# महेश अहिरवार बने श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री



**टीकमगढ़।** जिले के महेश अहिरवार को श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ भारत, मध्यप्रदेश प्रांत का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्रभर में हर्ष की लहर दौड़ गई और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। महेश अहिरवार की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष वारेलाल अहिरवार द्वारा की गई। प्रदेश मंत्री बनने के बाद समाज के वरिष्ठजनों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में ओ.पी. अहिरवार, हुकुम अहिरवार, सुनील अहिरवार, दामोदर अहिरवार, बालादीन अहिरवार, पी.एल. अहिरवार, कुलदीप अहिरवार, सी.एल. अहिरवार, ललित अहिरवार, एडवोकेट बलराम अहिरवार, एडवोकेट मोती सिंह, प्रेमनारायण अहिरवार, दलूराम अहिरवार, रोहित अहिरवार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई

**विदिशा।** सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने प्राण घातक हमला करने वाले शेखपुर गांव निवासी आरोपी अभिषेक गुर्जर 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 13 फरवरी की शाम 7 बजे अभिषेक गुर्जर ने धर्मेंद्र यादव को आम वाली कॉलोनी में समाधि के पास फरसा मार दिया था। जिसकी रिपोर्ट तरुण राजपूत ने सिविल लाइन थाने में की। पुलिस ने अभिषेक गुर्जर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। डॉक्टर द्वारा गंभीर व प्राण घातक चोट होना बताया गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा घटना को प्रमाणित पाते हुए आरोपी अभिषेक गुर्जर को अपराध का दोषी पाते हुए 5 साल की सुनाई।

### पति-पत्नी विवाद में सुलह समझौता, साथ रहने हुए राजी

# कई बार असफल होने के बाद हुआ लोक अदालत की समझाइश का असर



**टीकमगढ़।** नेशनल लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय टीकमगढ़ खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी शमरोज खान और खंडपीठ के सदस्य द्वारा आवेदिका और उसके अनावेदक पति को समझाइश दी गई। समझाइश के बाद दोनों पक्षकार आपसी सहमति से फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। नतीजतन, दोनों की सहमति से प्रकरण का निराकरण किया गया और पति-पत्नी राजी-खुशी घर लौटे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास ने दोनों को न्यायवृक्ष देकर वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने की प्रेरणा दी। ग्राम हीरानगर बावरी, थाना देहात क्षेत्र निवासी महिला का विवाह 17 मई 2022 को ग्राम नगदा बम्हौरी, जिला टीकमगढ़ में हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। परिणामस्वरूप महिला अपने मायके में रहने लगी और पति के खिलाफ भरण-पोषण हेतु कुटुंब न्यायालय टीकमगढ़ में प्रकरण प्रस्तुत किया।

प्रकरण न्यायालय में लंबित रहने के दौरान महिला लगातार मायके में रह रही थी। कई बार प्रयास करने के बावजूद पति-पत्नी के बीच सुलह नहीं हो पा रही थी। अंततः नेशनल लोक अदालत में आज दोनों को समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। सुलह समझौते के बाद दोनों को न्यायवृक्ष भेंट कर प्रेरित किया गया कि जैसे यह वृक्ष छांव और सुरक्षा देता है, वैसे ही पति-पत्नी एक-दूसरे का सहारा और मजबूती बनें।

### सुरक्षा और संवाद से सशक्त समाज के उद्देश्य से होगा पुलिस का सीधा संवाद

# अब गांव की चौपाल में ही होगी समस्याओं की सीधी सुनवाई:एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




ग्रामीण अंचलों में जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बुंदेली ग्राम संवाद चौपाल अभियान की शुरुआत की है। कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में शुरू हुई इस पहल का मकसद है, गाँवों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना और पुलिस-जनता के बीच साझेदारी को बढ़ाना।

जिले के विभिन्न थानों और चौकियों के ग्रामीण इलाकों में चौपालें आयोजित की गईं। इनमें थाना प्रभारी, बीट अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। चौपाल के दौरान कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। बच्चों और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नशा, अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। हेल्पलाइन नंबर और पुलिस से त्वरित संपर्क की जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचाई गई। इस दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि जनता और पुलिस जब एक साथ खड़े होते हैं तभी विश्वास बनता है। ग्राम चौपाल इसी भरोसे की ओर एक मजबूत कदम है। यह पहल न केवल समस्याओं का समाधान करने की दिशा में है, बल्कि समाज को सुरक्षा, जागरूकता और विश्वास से जोड़ने का माध्यम भी साबित हो रही है।



### पुलिस कप्तान की मुहिम लाई रंग लाई, 33 गुमशुदा बच्चे मिले

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व और सतत मॉनिटरिंग में जिला पुलिस ने मुस्कान अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सागर ज़ोन स्तर पर 1 अगस्त से संचालित इस विशेष अभियान के तहत जिले से गुमशुदा 33 नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया। इनमें 3 बालक और 30 बालिकाएँ शामिल हैं। एसडीओपी टीकमगढ़ व जतारा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों द्वारा विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के महानगरों में दबिश दी। इस दौरान अब तक कुल 33 नाबालिगों की सकुशल घर वापसी संभव हो सकी। यह उपलब्धि जिला पुलिस की संवेदनशीलता, सतर्कता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का जीवंत प्रमाण है। ह्लमुस्कान अभियानह्व के माध्यम से न केवल नाबालिगों की सकुशल घर वापसी सुनिश्चित हुई है, बल्कि उनके परिजनों के चेहरों पर भी खुशी और राहत की मुस्कान लौट आई है।

### झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज के भरोसे मौसमी बीमारियों से घिरे ग्रामीण

# नौकरी छोड़ गए 9 सीएचओ, उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर लटक रहे ताले!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों मौसमी बीमारियों का बढ़ता प्रकोप गांव गांव में लोगों को बीमार कर रहा है। ऐसे में गांव गांव खुले सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधा होनी चाहिए। मगर जिले के कई गांवों में स्थिति इसके बिल्कुट उलट हो रही है। क्योंकि गांव गांव खुले उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज की सुविधा मिलना तो दूर की बात उनके ताले तक नहीं खुल रहे हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि इस तरह का आरोप आदिवासी विकासखंड कराहल क्षेत्र के गांव गोरस, बुढेरा और सिलपुरी के ग्रामीण लगा रहे हैं। जो इस समय बीमार होने पर अपना इलाज झोलाछाप डॉक्टरों से कराने को मजबूर हो रहे हैं। विभागीय लोगों की माने तो उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताले की नौबत कई सीएचओ के नौकरी छोड़कर चले जाने के कारण आ गई है। क्योंकि इस समय जिले के 9 सीएचओ अपनी सेवा से त्याग पत्र सौंपकर चले गए हैं और उनकी जगह किसी दूसरे सीएचओ की पदस्थापना नहीं हुई है।




#### बरगवां अस्पताल में रात में नहीं मिलता इलाज

बरगवां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है और यहां दो डॉक्टरों की पदस्थापना होने की बात स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कह रहे है। लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र के ग्रामीण आरोप लगा रहे है कि बरगवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रात्रि के दौरान इलाज नहीं मिलता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बरगवां अस्पताल में दिन के समय एक डॉक्टर कुछ घंटो के लिए आता है और फिर वापस जिला मुख्यालय की ओर कूच कर जाता है। खैर इसके कारण कुछ भी हो,मगर इस समय गांव गांव लोगो को मौसमी बीमारियों ने घेर रखा है और उन्हें इलाज की जरूरत है इसलिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गांव गांव ग्रामीणों को इलाज की उपलब्धता करानी चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की माने तो खाली हुए उप स्वास्थ्य केन्द्रों की जिम्मेदारी दूसरे उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ सीएचओ को दी गई है। मगर ग्रामीण आरोप लगा रहे है कि अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने वाले कुछ सीएचओ दोनो जगह अपनी सेवाए उपलब्ध कराने में लापरवाही दिखा रहे है। जिसकारण उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताले लटकने और वहां कोई नहीं मिलने जैसी स्थितियां निर्मित हो रही है। ऐसे में मौसमी बीमारियों की चपेट में आए ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से अपना इलाज कराने को मजबूर हो रहे है। झोलाछापो इलाज कराने में ग्रामीणों की जेब पर बोझ बढ रहा है। वहीं झोलाछापों के इलाज से ग्रामीण पूरी तरह ठीक हो जाएंगे,इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। क्योंकि झोलाछापों के इलाज के कारण कई लोगों की मौत अब तक जिले में हो चुकी है। जिसका प्रमाण कई मामलों में दर्ज हुई एफआईआर है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों की यह अनेदखी है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर कर रही है ।

#### 13 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं सीएचओ

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो जिले में 104 के करीब उप स्वास्थ्य केन्द्र मौजूद है। कहने तो सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर सीएचओ और एएनएम की पदस्थापना बनी हुई है। लेकिन वर्तमान में 9 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर पदस्थ सीएचओ त्यागपत्र देकर चले गए है। जिसकारण 104 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से 13 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर सीएचओ के पद खाली हो गए हैं। हालांकि खाली हुए इन उप स्वास्थ्य केन्द्रों की जिम्मेदारी आसपास के सीएचओ को अतिरिक्त जिम्मेदारी के रूप में सौंप दी है,लेकिन अतिरिक्त जिम्मेदारी तो अतिरिक्त जिम्मेदारी होती है। इन हालातों के बीच उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर पदस्थ कई एएनएम भी अपने मुख्यालय पर नियमित पहुंचने में लापरवाही बरती रही है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र के कई उप स्वास्थ्य केन्द्रों के ताले नियमित नहीं खुल पा रहे हैं।

#### इनका कहना है

इस समय ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ डॉक्टरों सहित अन्य स्टाफ को अपने अपने क्षेत्र में पूरी गंभीरता से मौजूद रहकर स्वास्थ्य सुविधाएं जरूरतमंदो को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दे रखे हैं, इसके बाद भी जो स्टाफ लापरवाही बरत रहा है, तो उसका पता करते हुए सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ डीएस सिकरवार**
**सीएमएचओ, श्योपुर**

### सुबह देर तक नहीं उठता कचरा, लोगों ने जताई नाराजगी

# फ्लॉप शो ही साबित हो रही नपा की डोर टू डोर कचरा कलेक्शन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा कलेक्शन योजना श्योपुर शहर में फ्लॉप शो ही साबित हुई है। घर-घर कचरा एकत्रित करने के बावजूद शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगाए जा रहे हैं जो वातावरण को प्रदूषित करने का काम कर रहे हैं।

वैसे तो नगर पालिका ने टीपर वाहन खरीदे हुए हैं जिन पर लगाए गए कर्मचारी विभिन्न वार्डों और बस्तियों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर टचिंग ग्राउंड पर भेजते हैं इसके बावजूद शहर में नपा ने 41 पॉइंट कचरे के लिए चिन्हित किए गए हैं। यहां पर सफाई कर्मचारी कचरे को झाड़कर एकत्रित करते हैं बाद में नगर पालिका ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से युक्त कचरे को उठाकर टचिंग ग्राउंड में ले जाती है हालांकि यह काम भोर होने से पहले हो जाना चाहिए लेकिन कई बार देर हो जाने के कारण यह कचरा लोगों की परेशानी बढ़ाने का काम करता है इन दिनों उक्त कचरे को उठाने में नपा कर्मचारी हमेशा लेट लतीफ हो रहे हैं सुबात चौराहा, बोहरा बाजार, गणेश बाजार सहित शहर के ऐसे कचरा पॉइंट स्थल है जो सार्वजनिक और आवागमन वाले क्षेत्र होने के साथ-साथ धार्मिक स्थल वाले भी हैं। यहां पर दिन में भी इस तरह कचरे के ढेर पड़े रहने से लोगों को परेशानी होने के साथ उनकी धार्मिक भावनाएं आहत भी हो रही हैं।



#### बोहरा समुदाय ने की कचरा प्वाइंट हटाने की मांग

बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाउदी ने सुबात चौराहा बौहरा बाजार की ओर बनाए गए कचरा पॉइंट को उनके धर्मगुरु के प्रवास को देखते हुए बंद करने की मांग की है। दाऊदी ने कहा है कि उनके धर्मगुरु मौलाना श्योपुर प्रवास पर आ रहे हैं। पूरा शहर मौलाना का स्वागत को आतुर है, बाजार सजाने संवारने का काम किया जा रहा है। मौलाना प्रवास के समय बोहरा मस्जिद तक पहुंचेंगे। साथ ही मुंबई दिल्ली सहित देश भर से बोहरा समाज के लोग श्योपुर आ रहे हैं जिनके सामने इस तरह कचरा फैला हुआ दिखाई देना हम सब शहर वासियों के लिए अपमानजनक बात होगी। उन्होंने नपाध्यक्ष रेनू राठौर से मांग की है कि वह मौलाना के प्रवास को देखते हुए कुछ दिनों तक सुबात चौराहा स्थित कचरा पॉइंट का स्थान बदलकर दूसरी जगह कर दे।

# जिला स्तरीय मोगली उत्सव में विजेता बने विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला स्तरीय मोगली बाल महोत्सव का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में किया गया। जिसमें विकासखंड श्योपुर, विजयपुर तथा कराहल में आयोजित विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में से चयनित कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से एक टीम वरिष्ठ वर्ग तथा एक टीम कनिष्ठ वर्ग से चुनी गई। पर्यावरण एवं वन से संबंधित विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी क्विज तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न से संबंधित प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में शासकीय सांदीपनी उ. मा .वि. विजयपुर से नंदिनी गौड़ तथा लोकेंद्र यादव विजेता बने।

इसी तरह वरिष्ठ वर्ग से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी अन्नू गर्ग तथा शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर के छात्र अमित कुशवाह विजेता बने। विजेता छात्र छात्राएं अक्टूबर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मोगली बाल महोत्सव पेंच राष्ट्रीय अभ्यारण सिवनी में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर जगदीश आर्य तथा मास्टर ट्रेनर नरोत्तम मीणा ने किया। संयोजक सीताराम आदिवासी, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. श्योपुर तथा निर्णायक मंडल में भारत जाट तथा नरेंद्र गुप्ता रहे।




#### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 23 सितंबर को

**श्योपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 23 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 26 सितंबर को मॉपअप राउंड आयोजित होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 23 सितंबर के अवसर पर सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाडी केन्द्रों में 1 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों, किशोरो एवं युवाओं को कृमिनाशक टेबलेट एलबेन्डेजोल खिलाई जायेगी। अभियान में छूट गये बच्चों को मॉपअप राउंड 26 सिंतबर को दवा दी जायेगी।इसके तहत शत प्रतिशत बच्चों को कव्हरेज लक्षित किया गया है। यह दवा स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रो सहित अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों में उक्त आयु वर्ग के बच्चों को उनकी आयु अनुसार गोली की खुराक दी जायेगी। उन्होने बताया कि 1 से 2 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को 400 मिलीग्राम की आधी गोली दी जायेगी, इसके ऊपर की आयुवर्ग के बच्चों को पूरी गोली खिलाई जाना है, धात्री नही है, उन्हें भी दवा दी जाएगी।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर राजस्थान से अवैध शराब लेकर आ रहे शराब तस्कर को दबोच लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रिंकू पुत्र कमलेश मीणा निवासी नरोडा थाना खंडार जिला सवाईमाधोपुर बताया है। आरोपी के कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब जब्त की है।



# घर में सो रही बालिका को सांप ने डसा,मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव अंधुपुरा में एक बालिका की सांप के डसने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम अंधुपुरा निवासी मातादीन जाटव की 8 वर्षीया बेटी नवाजी जाटव शनिवार-रविवार की रात को अपने घर में सो रही थी, तभी तड़के 4 बजे के आसपास उसे एक सांप ने डस लिया। इसका पता चलने पर परिवार के लोगों ने पहले उसकी झाडफूंक कराई और फिर उसे विजयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां बालिका की स्थिति को देखते हुए उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। लेकिन रास्ते में बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पितरों को जलांजलि देने बड़ी संख्या में जलाशयों पर पहुंच रहे वंशज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्रद्धापक्ष शुरू होते ही नदी, तालाबों आदि स्थानों पर पहुंचे लोग अपने पूर्वजों को जल चढ़ाने का काम भी शुरू हो गया। इस क्रम में आचार्य बृज किशोर दीक्षित द्वारा कदवाल स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंच रहे लोगों को मंत्रोच्चार के साथ तर्पण कराने का काम किया जा रहा है।

श्राद्धपक्ष के 15 दिनों तक जलाशयों पर लोग अपने पूर्वजों को जलांजलि देने पहुंचते हैं। पंडित घाट पर डाब, जनेऊ, सादा कपड़ा लेकर जलांजलि देने पहुंचे लोगों को नदी में अधिक पानी होने के चलते सुरक्षा को याद दिलाते हुए उतरने दिया। हालांकि इस दौरान कुछ तेराक लोगों ने पीछे खड़े होकर तर्पण के कार्य को अंजाम दिया ताकि पैर आदि फिसलने के कारण कोई गहराई में न चला जाए।



# सांस्कृतिक संध्या आयोजित बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जेसीआई श्योपुर द्वारा जेसी सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में स्कूली बच्चों के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने ऐसी शानदार प्रस्तुति दी जिससे पूरा परिसर बार बार तालियों से गूंजता रहा।

आयोजित हुए कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रस्तुति विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा दी गई। जिसमें एकल प्रस्तुति एवं समूह प्रस्तुति शामिल रही। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले स्कूलों में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, माधवराव सिंधिया स्कूल, न्यू होराइजन स्कूल, जय दुर्गे हायर सेकेंडरी स्कूल, फ्यूचर स्टार स्कूल, अल्फा कान्वेंट स्कूल, नवोदय आवासीय विद्यालय आदि शामिल रहे। स्कूलों के अलावा कुछ बच्चों की एकल प्रस्तुति भी रही जिसमें अंकित अग्रवाल द्वारा चलाई जा रही डांस क्लासेस से भी बच्चों ने भागीदारी की। कार्यक्रम की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के रूप में जय दुर्गे हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों की द्वारा दी गई प्रस्तुति विशेष चर्चा का विषय रही। वहीं नवोदय स्कूल के छात्र द्वारा कत्थक की बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश गुप्ता प्रॉपर्टी डीलर एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता उपस्थित रहे। संस्था की तरफ से पूर्व अध्यक्ष लोकेश गुप्ता, राजकुमार शर्मा, आशीष चौहान, गजेंद्र वर्मा तथा सदस्य गण योगेश मित्तल, हेमंत मित्तल, गोपाल मित्तल, राहुल बंसल, शिवम गर्ग, शुभम गर्ग, ललित अग्रवाल, जतिन वर्मा, जितेंद्र गर्ग, महावीर शिवहरे, राजू गोयनर, दीपक मित्तल आदि एवं अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, दीपक मंगल, चेयरमैन हितेंद्र सिंह हाडा एवं कोऑर्डिनेटर अभय राठौर आदि सदस्य उपस्थित रहे।



### पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ मुहिम में ढिलाई से नागरिकों में रोष

# नशेड़ियों की पसंद बने श्मशान और कब्रिस्तान, सरकारी बील्डिंग भी बांट रही नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

17 सितंबर को नशे के खिलाफ शहर में महारैली आयोजित की जा रही है। इस महा रैली को आयोजित करने के पीछे की जरूरत क्या पड़ी इस विषय पर भी लोगों की राय लगभग एक समान यही है कि जिले में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है और पुलिस प्रशासन इसे रोकने में असफल दिखाई पड़ रहा है या फिर यूं कहें कि पुलिस प्रशासन नशे के कारोबार को बढ़ाने में सहयोगी बना है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालांकि नशा कहां से आता है कौन दे रहा है इसकी जानकारी शायद पुलिस को नहीं है लेकिन नशे के अड्डे कहां कहां है इसकी जानकारी सभी को है। शमशान और कब्रिस्तान नशेड़ियों की पसंद बने हुए हैं वहीं कई सरकारी भवन भी नशा परोसने का काम कर रहे हैं।

नशा करने वालों को ना तो पुलिस का डर है और ना ही ईश्वर का यही कारण है कि वह रात के अंधेरे में भी शमशान के भीतर पहुंच कर सिरिंज से स्मैक का नशा रगों में डालने का काम करते दिखाई पड़ जाएंगे यही हालत कब्रिस्तानों की भी है रात में लोग कब्रिस्तान में जाने से भी डरते हैं लेकिन यह लोग कूद फांद कर कब्रिस्तान के भीतर घुस कर नशे की प्रवृत्ति को अंजाम दे रहे हैं कई सरकारी भवन और खंडहर ऐसे हैं जहां पर नशेड़ी अपने नशे की गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे भवनों में किला रोड स्थित सुबात कचहरी है जो कभी जिला सत्र न्यायालय के साथ सभी राजस्व न्यायालय का अधिकार रखती थी। यह बिल्डिंग अब नशेड़ियों के हवाले है नशा करने वालों द्वारा उपयोग की गई सीरीज इविल इंजेक्शन के ढेर नशे की कहानी बयां कर रहे हैं। बंजारा डैम पर्यटक स्थल भी नशेड़ियों का मुख्य तीर्थ स्थल बन चुका है शाम होते ही नशेड़ियों से यह पर्यटक स्थल आबाद हो जाता है और उनके जाने के बाद यहां बचे रह जाते है इंजेक्शन की सिरिंज और इविल सीसी इसके अलावा और भी कई खंडहर है जहां नशेड़ी नशे का शोक पूरा कर रहे हैं।



#### सिरिंज गायब केनुला कर रहा काम

स्मैक का नशा इविल इंजेक्शन में मिलकर किया जाता है। नशेड़ी स्मैक को एविल इंजेक्शन में मिलाने के बाद उसे सिरिंज के माध्यम से नसों में पहुंचा देते हैं। जिससे उन्हें तत्काल नशा होता है और लंबे समय तक टिका रहता है लेकिन जब से युवाओं ने नशे के खिलाफ अभियान छेड़ा है तब से मेडिकल स्टोर वालों ने सिरिंज बेचना ही बंद कर दिया है। बाजार से सिरिंज अचानक गायब हो गई है लेकिन नशेड़ियों ने इसका तोड़ भी निकाल लिया है। अब वह सिरिंज के बजाय केनुला लगवा रहे हैं जिससे शरीर में बार-बार सुई चुभोने की जरूरत भी नहीं पड़ती है जब भी नशा लेना होता है पूर्व में इस्तेमाल की गई सिरिंज का उपयोग कर उसे केनुला के माध्यम से नसों में पहुंचा देते हैं।

#### मोबाइल में पैसा सड़क पर नशा, धार्मिक स्थानों के पास हो रहा धंधा

नशे का कारोबार करने वाले बड़ी चालाकी से इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं तो सूबात कचहरी के पास, ब्राह्मण पाड़ा हनुमान मंदिर के पास, चतरदास जी का टीला के पास, गुलाब बाड़ी तिलमेश्वर मंदिर के पास, पंडित घाट, कर्बला घाट जैसे धार्मिक स्थलों के पास नशा बेचने का काम किया जा रहा है। इस काम में कोई उन्हें नशेड़ी से लेनदेन करता कोई न देखें इसके लिए वह ऐसी ट्रिक अपनाई गई है जिससे उनका धंधा भी हो जाता है किसी को पता भी नहीं चलता। नशा बेचने वाला नशेड़ी से अपने मोबाइल पर फोन पे से पैसे डलवा लेता है और नशे की पुड़िया को रास्ते में चलते हुए सड़क पर फेंक देता है जिसे वह नशेड़ी उठाकर ले जाता है।

#### इनका कहना...

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस हर संभव कार्रवाई करेगी। जो लोग अवैध नशा कारोबार में लिप्त हैं, उनका पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा मुक्ति के इस अभियान में आम नागरिक भी सहयोगी बनें।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

# मोबाइल लगाकर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वार्ड 17 कुमार मोहल्ला में रहने वाले ओमप्रकाश पांचाल को नामजद व्यक्ति ने मोबाइल लगाकर न सिर्फ गालियां दी बल्कि जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। ओमप्रकाश पांचाल ने बताया कि उसे बड़ौदा में रहने वाले राजू पांचाल जो आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जो पूर्व में भी उसके साथ साथ जान से मारने के प्रयास की घटना को अंजाम दे चुका है ने फोन लगाकर लगातार गालियां दी और घर से बाहर निकलते ही जान से मार डालने की धमकी दी है। इस धमकी को आरोपी ने कई बार दोहराया है जिससे डर कर उसने कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज करवाने आवेदन दिया ओमप्रकाश का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली है लेकिन मामूली धाराओं में जिससे आरोपी धमकी देने के बाद भी गिरफ्तारी से बच जाएगा और उसकी जान को खतरा उत्पन्न हो जाएगा। आरोपी ने उसे 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती वाले दिन समाज के कार्यक्रम में मार डालने की धमकी दी है।

#### 18 सितंबर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित होंगे शिविर

**श्योपुर।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को द्वारा वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में यह शिविर 18 सितंबर को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 18 सितंबर को पंचायत भवन वीरपुर में, 20 सितंबर को जनपद पंचायत कराहल में तथा 22 सितंबर को डीडीआरसी भवन बायपास रोड श्योपुर लगाये जा रहे है। इन शिविरो के माध्यम से सहायक उपकरण छडी, वैसाखी, वाकर, ट्राईपॉड्स, क्वाईपॉड्स, श्रवण यंत्र, कृत्रिम दांत, नजर का चश्मा, व्हीलचेयर, व्हीलचेयर कमोड सहित, चेयर अथवा स्टूल कमोड सहित, सिलीकॉन फोम तकिया, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सरवाइंकल कॉलर, लम्बोसेक्रल बेल्ट, वॉकर, रोलेटर, सीट सहित छडी, फुट केयर किट प्रदान किये जायेगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायो के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये है कि शिविर आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायें तथा वरिष्ठजनों को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल होने की सूचना प्रदान की जाए।

## खबर संक्षेप

### 15 घंटे में नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** ईसागढ़ पुलिस ने एक नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 12 सितम्बर को फरियादी साबित्री बाई जाटव पत्नि सीताराम जाटव,उम्र 50 वर्ष, निवासी बजरिया मोहल्ला, ईसागढ़ द्वारा थाना ईसागढ़ पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिक पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 306/2025 धारा 137 (2) भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी ईसागढ़ को तत्काल त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर गहन छानबीन की तथा लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप मात्र 15 घंटे के भीतर नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी कपिल जाटव पुत्र शंकरलाल जाटव उम्र 25 साल निवासी करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया है।

### जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** पुलिस ने जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। पहली कार्यवाही कोतवाली पुलिस ने हिरियन के टपरा के पास पठार मोहल्ला में तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए मुकेश ओझा, राजेन्द्र रघुवंशी, सुमेर जैन, विवेक शर्मा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तास की गडडी और 12700 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही भी हिरियन के टपरा के पास ही अशोक शर्मा के घर के समीप की गई है। जहां से पुलिस ने अमन सोनी, रवि बाल्मीक, कपिल शर्मा, अंकित शर्मा को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने तास की गडडी और 8500 सौ रूपए बरामद किए गये हैं।

### राजपुर में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान, डॉक्टर अरविंद रघुवंशी एवं ओमप्रकाश शिवहरे उपस्थित रहे। उमंग दिवस के उपलक्ष में प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा उमंग की महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं स्वास्थ्य उमंग हेतु डॉक्टर अरविंद रघुवंशी द्वारा स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया कि खाना खाने से पहले सभी को साबुन से हाथ धोकर खाना खाना चाहिए। विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी चित्रकला वाद विवाद एवं विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से उमंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। उमंग प्रभारी रिचा जैन और एवं मुनेश करैया द्वारा उमंग दिवस सफलता की कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव दूर करने की सीख दी गई। बच्चों को पेन काफी के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजपुर हायर सेकेंडरी स्कूल का समस्त स्टाफ एवं अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुचराई निवासी मलखान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विशाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मलखान ,दसरथ और कन्हैया यादव ने उससे मारपीट की और जानसे मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुनिया थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी वीरसिंह दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोवरधन राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बारमहू निवासी हरिओम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजीव रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## आवारा मवेशियों से परेशान किसान सड़क पर उतरे, नाराजगी जताई

# ढाई घंटे किया चक्काजाम, प्रशासन ने मवेशियों को शिफ्ट करने का कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

थाना क्षेत्र के छितीपुर गांव में रविवार सुबह साढ़े 9 बजे ग्रामीणों ने दिनारा-पिछोर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशी घूम रहे हैं। आवार मवेशी लगातार उनकी फसलों को चौपट कर रहे हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। करीब ढाई घंटे बाद नायब तहसीलदार अशोक शर्मा और थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम से हटने को तैयार हुए। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से लेकर जनसुनवाई तक समस्या रखी गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। फसलें पहले ही बारिश से 70 फीसदी तक बर्बाद हो चुकी हैं और अब आवारा मवेशी बची-खुची फसल भी चौपट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब उन्होंने खुद चंदा इकट्ठा करके मवेशियों को अमोला घाटी छोड़ने की बात रखी, तो प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी सहयोग नहीं किया। यहां तक कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में मवेशियों को ले जाने पर उन पर केस दर्ज होने का डर है।

### प्रशासन की मौजूदगी में मवेशी होंगे शिफ्ट

जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि मवेशियों को दूसरे स्थान पर सुरक्षित छोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रशासन वाहनों की व्यवस्था करेगा और ग्रामीण भी अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाएंगे। प्रशासन की मौजूदगी में ही इन मवेशियों को अन्य स्थान पर छोड़ा जाएगा।



## आठ करोड़ 31 लाख से अधिक की राशि का अवार्ड हुआ पारित

# नेशनल लोक अदालत में 1280 प्रकरणों का किया निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नेशनल लोक अदालत में कुल 1280 प्रकरण का निराकरण एवं 83126255/-रूपये (आठ करोड़ इक्कतीश लाख छब्बीस हजार दो सौ पचपन) राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस लोक अदालत में कईं विवाद आपसी सहमती से हल किए गए। शनिवार को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय, अशोकनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंघल, मनीष अनुरागी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु समस्त न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, बैंक, विद्युत, बीएसएनएल तथा नगरपालिका विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से अपील की और उन्होने कहा कि जन सामान्य में व्याप्त पारिवारिक समस्या, आपराधिक प्रकरण आदि को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौते के आधार पर निराकृत किया जा सकता है। इसमें न्यायालयीन प्रक्रिया एवं नेशनल लोक अदालत की अहम भूमिका है। नेशनल लोक अदालत में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकता है और उसे जनकल्याण के लिये समर्पित कर सकता है। समस्त न्यायाधीश और अभिभाषकों के अलावा समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, जनसंपर्क कार्यालय से पत्रकारगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं पक्षकारगण एवं विभिन्न एनजीओ से पधारे सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। तृतीय नेशनल लोक अदालत में कुल 15 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल 499 मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें आपराधिक प्रकरण 159, क्लेम प्रकरण 09., विद्युत प्रकरण 58., धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के 170 अन्य न्यायालयीन मामले 67, वैवाहिक प्रकरण 36 एवं 781 प्रीलिटिगेशन स्तर के मामले शामिल रहे एवं कुल 1280 प्रकरणों में 83126255 /-रूपये (आठ करोड़ इक्कतीश लाख छब्बीस हजार दो सौ पचपन) का अवार्ड पारित हुआ।

### घरेलू विवाद का आपसी सहमति से समाधान किया गया

खंडपीठ क्रमांक 5 की पीठासीन अधिकारी हर्षिता शर्मा गॉड द्वारा लंबित प्रकरण क्रमांक 572/2024, पुलिस थाना शाडोरा बनाम रामबाबू अहिरवार का सफलतापूर्वक सुलहपूर्वक निराकरण किया गया।इस प्रकरण में रामबाबू अहिरवार पर उनकी पत्नी के साथ मारपीट के आरोप थे। दोनों पक्षों ने नेशनल लोक अदालत का लाभ लेते हुए आपसी सलाह और समझौते के आधार पर सुलह की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मार्गदर्शन सुलह के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों पक्षों को नेशनल लोक अदालत से निराकरण के लाभ समझाए और उन्हें भविष्य में पारिवारिक कलह से दूर रहने की समझाइश दी।

### माला और पौधों का वितरण

सुलह की इस सकारात्मक प्रक्रिया के उपलक्ष्य में न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को मिठाई खिलाई, माला पहनाई तथा एक-एक पौधा प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिश्ते वृक्ष की तरह होते हैं, जिन्हें सींचना पड़ता है। यदि उन्हें सहेजकर रखा जाए तो वे समय के साथ और मजबूत होते हैं।

## कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

# भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी पीएम का जन्मदिन

### स्वच्छता अभियान, पौधरोपण एवं रक्तदान जैसे आयोजन होंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाइगी। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं रक्तदान जैसी विविध गतिविधियां शामिल रहेंगी।

कार्यक्रम को लेकर रविवार को विधायक कार्यालय पर भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर को होगा और समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गांधी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया जाएगा। विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि इन 15 दिनों के दौरान सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। रक्तदान शिविर आयोजित होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित जीवंत प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवा भाव और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

प्रभारी नियुक्त- नगर क्षेत्र के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के लिए भाजपा नगर महामंत्री आलेख राय को प्रभारी बनाया गया। साथ ही मनोज बजाज एवं लोमस तिवारी को सह प्रभारी बनाया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के लिए देवेंद्र यादव को प्रभारी एवं वीरेंद्र ठाकुर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।

बैठक में विधायक निर्मला सप्रे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि कैथोरिया, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, संतोष सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, करोड़ी यादव, नीतू राय, राजा भाई ठाकुर, पार्षद, सरपंच, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री आलेख राय एवं प्रदीप तिवारी ने किया तथा आभार अजवीर ठाकुर ने माना।

## शहर में शहीदी नगर कीर्तन निकाला गया

# वाल्मीकि समाज बंधुओं का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना।

सिख समाज के नौवें गुरु तेग बहादुर साहिब का शहर में शहीदी नगर कीर्तन निकाला गया। यात्रा का श्री नरसिंह हिन्दू संगठन ने भव्य स्वागत किया। साथ ही श्री नरसिंह हिन्दू संगठन के सभी सदस्यों ने पुष्प वर्षा एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पूजन किया। सकल हिंदू समाज की असीम आस्था के केंद्र पूज्य श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शस्त्र एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पुण्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर बीना नगर के वाल्मीकि समाज के बंधुओं का संगठन की ओर से सम्मान किया, जो हमेशा नगर की स्वच्छता की चिंता करते हैं।

## पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक किया

# शांतिधारा के साथ मनाया गया क्षमावाणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन मंदिर में पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, विधान, आरती एवं क्षमावाणी का आयोजन धूमधाम के साथ हुआ। कार्यक्रम समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, नवाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से पंडित प्रदीप के सानिध्य में संपन्न हुआ एवं संगीतकार हेमंत पार्टी गंजबासौदा रही। शांतिधारा करने का सौभाग्य गल्ला मंडी व्यापारी संघ को प्राप्त हुआ।

प्रथम सौधर्म इंद्र बनकर महामस्तकाभिषेक विजय कुमार, मुकेश कुमार, मयंक, द्वितीय सौधर्म इंद्र डॉक्टर महेंद्र कुमार, सनत कुमार जैन, ईशान, सानत, महेंद्र ने किया। कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य



क्रमशः विजय कुमार, राकेश कुमार, निशंक, अशोक, विक्की को प्राप्त हुआ। इस मौके पर पंडित ने प्रवचन में बताया कि जब से पारस बाबा जिन मंदिर में विराजमान हुए हैं बाबा के चमत्कार होते रहते हैं। आज जो विशाल जैन समुदाय बाबा के सामने भक्ति कर रहा है वह एक चमत्कार ही है। बीना नगर के सभी व्यापारी यहां उपस्थित हैं। जो भी बाबा के दरबार में आते है खाली हाथ वापस नहीं जाते है। पंडित ने सभी से सामूहिक क्षमा याचना पारस बाबा के सामने करवाई एवं सभी महिला, पुरुष, बच्चों ने एक दूसरे से क्षमा मांगी। क्षमावाणी का यह पर्व बड़ी धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, विनोद कुमार, राजेश, आकाश, राकेश, देवेंद्र, नानू, निक्की, विमल, प्राशु, रेषु, सौरभ, प्रवीण, प्रदीप, यश, राकेश, सुनील, अनिल, सम्यक, पवन, कमल, रमेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# फरार 4 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

स्थानीय पुलिस ने 4 वारंटियों को गिरफ्तार किया। जिन्हे बाद में न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2016 से प्रकरण में फरार गिरफ्तारी वारंटी नेमी नारायण उर्फ चुख्का पिता सीताराम रजक निवासी भगत सिंह वार्ड बीना, वर्ष 2017 से प्रकरण में फरार गिरफ्तारी वारंटी सूरज पिता हरनाम राय निवासी गणेश वार्ड बीना, वर्ष 2023 से प्रकरण में फरार गिरफ्तारी वारंटी साहिल पिता लीला



प्रसाद अहिरवार निवासी भीम वार्ड बीना एवं वर्ष 2023 से प्रकरण में फरार गिरफ्तारी वारंटी अनंतराम पिता सुखनंदन प्रजापति निवासी मनोरमा वार्ड बीना हाल-इंदिरा गांधी वार्ड बीना को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी उपरोक्त प्रकरणों में फरार चल रहे थे। जिन्हें शनिवार को मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर सूचना सत्यापन कर उपरोक्त वारंटियों की तलाश में टीम रवाना की गई उन्हें अलग-अलग स्थानों से दस्तयाब किया गया। बाद में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वालों में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव, उनि लखन राज, उनि रूपकिशोर जोरम, प्रआर. गनेश राम भारती, अनिल पाण्डे, गजेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, प्रशांत रावत, अखिलेश शुक्ला, आरक्षक गोपाल तोमर, बाबूलाल, नरेन्द्र, मंगल सिंह, युधिष्ठिर, दीपसिंह, महिला आरक्षक रेवती की सराहनीय भूमिका रही।

# राजपुर में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया

**राजपुर।** राजपुर में मंडल कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता और हमारे महापुरुषों के चित्रों के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जो कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन मंडल एवं बूथ स्तर पर किया जाना है, उनके विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। यह सेवा पखवाड़ा अभियान हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन (17 सितंबर) से गांधी जयंती (02 अक्टूबर) तक चलेगा। इस सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जो कार्यक्रम एवं गतिविधि करना है वह निम्न हैं 17 सितंबर को



हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का जन्मदिन है। इसी अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम करना और साथ ही प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुनना, और बूथ स्तर पर बैठक करना है। मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना। 25 सितंबर को राजपुर मंडल के प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करना, सांसद प्रतियोगिता और इन सब कार्यक्रमों को संगठन एप्प पर अपलोड करना भी अनिवार्य है। इन सभी विषयों पर विस्तृत रूप से इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेंद्र सिंह रघुवंशी शहवाजपुर ने प्रकाश डाला। कार्यशाला की अध्यक्षता राजपुर मंडल अध्यक्ष गोरेलाल कुशवाह ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन यादव सेमरा पहाड़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे।